तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राजूराम विश्नोई बनाम लो.सू.अ. (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी–130 उपखण्ड अधिकारी लूणी) सू.अ.अ. अपील संख्या 95 / 2020	
24.08.20	अपीलार्थी राजूराम विश्नोई, निवासी 564, मंगलनगर, गुड़ा विश्नोईयान पं.स. लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 06.06.20 में उसके द्वारा (1) निर्वाचन शाखा उपखण्ड लूणी में वर्तमान में प्रतिनियुक्त पर लगे कार्मिकों के कार्यग्रहण हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की प्रमाणित प्रतियां व अन्य बिन्दुओ, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी–130 उपखण्ड अधिकारी लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी–130 उपखण्ड अधिकारी लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी–130 उपखण्ड अधिकारी लूणी) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है। तथा लोक सूचना अधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी–130 उपखण्ड अधिकारी लूणी को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Anoop Singh Ind
Date: 2020.11.21 13:51:39 IST
Reason: SelfAttested